**प्रेस नोट दिनांक 14.05.2026**

**जनपद मऊ थाना रानीपुर पुलिस द्वारा गैर इरादतन हत्या मामले से संबंधित 03 नफर अभियुक्त गिरफ्तार**

अपर पुलिस अधीक्षक मऊ के पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी मुहम्मदाबाद के मार्गदर्शन में थाना रानीपुर पुलिस द्वारा देखभाल क्षेत्र व चेकिंग के दौरान आज दिनांक 14.05.2026 को थाना रानीपुर पुलिस टीम द्वारा पूर्वांचल एक्स प्रेसवें इटौरा अण्डर पास के पास घेरा बंदी कर तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया।

पूछताछ में खुलासा हुआ कि दिनांक 10.05.2026 की रात्रि में खिरियां ग्राम निवासी पंकज कुमार के साथ विवाद और मारपीट हुई थी। इस हिंसक झड़प में पंकज कुमार गंम्भीर रुप से घायल हो गया था और इलाज के दौरान अस्पताल में उनकी मृत्यु हो गई थी।

अभियुक्तगण के विरुद्ध थाना रानीपुर पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया है।

**गिरफ्तार अभियुक्तगण का नाम** –

1. आनन्द चौहान पुत्र अमेरिका चौहान निवासी बस्ती थाना रानीपुर जनपद मऊ ।
2. योगेश चौहान पुत्र सुरेन्द्र चौहान निवासी बस्ती थाना रानीपुर जनपद मऊ।
3. अंकित चौहान पुत्र हरेन्द्र चौहान निवासी बस्ती थाना रानीपुर जनपद मऊ।

**गिरफ्तारी का दिनांक समय व स्थान -**

दिनांक 14.05.2026

समय - 05.35 बजे

स्थान - पूर्वांचल एक्स प्रेसवें इटौरा अण्डर पास के पास से

**पुलिस अधीक्षक मऊ श्री कमलेश बहादुर के निर्देशन में आज दिनांक 14.05.2026 को जनपद मऊ के समस्त थाना क्षेत्रान्तर्गत संदिग्ध व्यक्तियों/वाहनो व यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध व्यापक चेकिंग अभियान चलाया गया-**

इस अभियान के अंतर्गत 39 टीम गठित कर जनपद के 44 स्थानों पर बदल बदलकर लगभग 1550 सदिग्ध वाहनो/व्यक्तियो को चेक किया गया जिसमें यातायात के नियमों का पालन न करने पर 665 वाहनों को विभिन्न धाराओ में चालान एवं 06 वाहनों को सीज किया गया साथ ही साथ अन्य लोगों को हिदायत भी दी गयी तथा यातायात नियमों के प्रति  जागरूकता बढ़ाने हेतु वाहन चालकों को नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित किया गया।

पुलिस अधीक्षक मऊ द्वारा आमजन से अपील की गई है कि वे यातायात नियमों का पालन करें, हेलमेट एवं सीट बेल्ट का अनिवार्य रूप से प्रयोग करें एवं गलत स्थानो पर पार्किंग नही करे तथा सुरक्षित यातायात में सहयोग प्रदान करें।

**प्रेस नोट जनपद मऊ**

**दिनांक : 14/05/2026**

**जनपद मऊ पुलिस द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही–**

पुलिस अधीक्षक मऊ श्री कमलेश बहादुर के निर्देशन में जनपद के समस्त थाना क्षेत्रों में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में विभिन्न थानो द्वारा प्रभावी कार्यवाही करते हुए अलग-अलग स्थानों से अभियुक्तों की गिरफ्तारी/बरामदगी व विभिन्न मामलों में वांछित/वारंटी अभियुक्तों को भी गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की गई। जिसका विवरण निम्नवत है।

**थानावार गिरफ्तारी का विवरण:**

1. थाना मुहम्मदाबाद पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 121/2026 धारा 2(b)(1) व 3(1) उत्तर प्रदेश गिरोह बन्द एवं समाज विरोधी क्रिया कलाप निवारण अधिनियम के अभियोग में वांछित अभियुक्तगण क्रमश: (1) जुल्फिकार अहमद पुत्र मु0 शाबिर निवासी खैराबाद थाना मुहम्मदाबाद जनपद मऊ (2) वास उर्फ शाहिद उर्फ परवेज पुत्र वजीर निवासी खैराबाद जनपद मऊ (3) रइस पुत्र जहुर मुकादम निवासी अतरारी थाना मुहम्मदाबाद जनपद मऊ को नियमानुसार गिरफ्तार कर मा0 न्यायालय भेजा गया।
2. थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा मु0अ0सं0136/26 धारा 3(5),115(2),109(1),110 बीएनएस के अभियोग में वांछित अभियुक्त क्रमश: गुलशन सिंह उर्फ छोटू पुत्र बालमुकुन्द सिंह निवासी सकरा थाना हलधरपुर जनपद मऊ को नियमानुसार गिरफ्तार कर मा0 न्यायालय भेजा गया।
3. थाना मुहम्मदाबाद पुलिस द्वारा 01 नफर वारण्टी अभियुक्त रमेशचन्द्र पुत्र मुनेश्वर निवासी गालिबपुर थाना मुहम्मदाबाद को नियमानुसार गिरफ्तार कर मा0 न्यायालय भेजा गया।

जनपद पुलिस द्वारा अपराध नियंत्रण एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने हेतु अभियान लगातार जारी है।

**यातायात को सुगम बनाने के लिए सड़क पर तेज गति से वाहन चलाने व स्टंट करने वालो के विरूद्ध थाना दक्षिण टोला द्वारा की गई कार्यवाही–**

आज दिनांक 14.05.2026 को जनपद मऊ थाना दक्षिण टोला पुलिस टीम द्वारा यातायात को सुगम बनाने के लिए सड़क पर तेज गति से वाहन चलाने व स्टंट करने वाले 45 मोटर साइकिल/मोटर साइकिल सवारों पर कार्यवाही करते हुए 04 मोटर साइकिलो को सीज किया गया तथा शेष मोटर साइकिलो का चालान किया गया तथा भविष्य में वाहन तेज गति से न चलाने तथा स्टंट करने के सम्बन्ध में सख्त हिदायत किया गया।

**सड़क सुरक्षा एवं यातायात को सुगम बनाने के लिए सड़क पर तेज गति से वाहन चलाने व स्टंटबाजी करने वालो के विरूद्ध थाना दक्षिण टोला द्वारा की गई कार्यवाही–**

आज दिनांक 14.05.2026 को जनपद मऊ थाना दक्षिण टोला पुलिस टीम द्वारा चेकिंग के दौरान बाईक पर खतरनाक स्टंट करनें, बिना हेलमेट वाहन चलाने, मोडिफाइड साइलेन्सर एवं नियमों का उलंघन कर तेज गति से वाहन चलाने वाले युवको को चिन्हित कर 45 मोटर साइकिल/मोटर साइकिल सवारों पर कार्यवाही करते हुए 04 मोटर साइकिलो को सीज किया गया तथा शेष मोटर साइकिलो का विभिन्न धाराओं में नियमानुसार चालान किया गया तथा सड़क सुरक्षा नियमों का पालन एवं सुरक्षित वाहन संचालन के संबंध में जागरुक भी किया गया तथा सुरक्षित यातायात व्यवस्था बनाये रखने में सहयोग की अपील की गई।

**गुमशुदा 02 मोबाइल फोन (कीमत लगभग 26999 रुपये) बरामद कर उनके स्वामियों को किया गया सुपुर्द**

पुलिस अधीक्षक महोदय के निर्देशन में थाना कोतवाली नगर जनपद मऊ की साइबर पुलिस टीम द्वारा CEIR पोर्टल पर दर्ज 02 शिकायतों का निस्तारण को तत्काल तकनीकि सहायता से दो मोबाइल फोन को ट्रेस कर बरामद किया गया। आवश्यक विधिक कार्यवाही पूर्ण करने के उपरान्त संबंधित को मोबाइल फोन वापस किया गया। मोबाइल प्राप्त कर लाभार्थियों द्वारा मऊ पुलिस की सराहना की गई।

**मोबाइल का विवरण:**

01 अदद मोबाइल Motorola edge 50 fusion (कीमत 24,000 रूपये)

01 अदद मोबाइल Oppo A5x (कीमत 12,999 रूपये)

मऊ पुलिस आमजन से अपील करती है किं मोबाइल फोन गुम होने की स्थिति में तत्काल CEIR पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराये अथवा साइबर हेल्पलाइन नम्बर 1930 पर सम्पर्क करें जिससे त्वरित कार्यवाही कर गुमशुदा मोबाइल की बरामदगी सुनिश्चित की जा सके।